आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

संबोधन

देश कल अपना उन्यासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। उनका यह सम्बोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेज़ी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगें। प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह मंडी जिला के सरकाघाट में होगा। इसी तरह अन्य ज़िलों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाएंगे।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए आज प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सांय 7 बजकर 45 मिनट के स्थान पर 6 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होगा।

पौधरोपण

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के कनलोग में वन विभाग द्वारा आयोजित 76वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव और पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करेंगे। वन महोत्सव कार्यक्रम सीपीआरआई संभागार बमलोई में आयोजित होगा जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू युवक मंडलों, महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को वर्चुअली संबोधित करेंगे।

मौसम

प्रदेश में मानसून की सक्रियता के चलते बीती रात से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। भारी बारिश के चलते प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भूस्खलन व बाढ़ की घटनाएं होने से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। किन्नौर जिला के पूह में कल बादल फटने की घटना के चलते सतलुज नदी में आई बाढ़ के कारण पानी का जलस्तर बढ़ गया है। भारी बारिश को देखते हुए कुल्लू के बंजार सब डिवीजन के स्कूलों में आज अवकाश रहेगा। कुल्लू की उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिला की बंजार घाटी के बठाहड़ में बीते शाम बादल फटने की वजह से आई बाढ़ में कई घरों को नुकसान पहुंचा है।

वहीं शिमला जिला के रामपुर उपमंडल में कल बादल फटने से 15–20 क्षेत्र की नंटी खड्ड में बाढ़ आने से पुल, मकान, दुकानों व बागीचों को नुकसान पहुंचा है।

हिमाचल प्रदेश में बीते तीन दिनों से लगातार भारी बारिश का दौर चल रहा है।मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज भी चंबा, मंडी कांगड़ा जिला में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के बीते शाम बादल फटने से पंद्रह बीस क्षेत्र की नंटी खड्ड में बाढ़ आने से चार पुल, दो मकान, पांच दुकानें, दो शेड, सेब के बागीचे व जमीन बह गई है। सात मकानों, पांच दुकानों, सात शेड व बिजली के छोटे प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा है। खड्ड में एक एंबुलेंस व एचआरटीसी की बस फंस गई है और तीन पंचायतों का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। भारी बारिश के कारण अभी भी हिमाचल प्रदेश में दो एनएच सहित 323 सड़कें यातायात के लिए बाधित है जबकि 70 बिजली ट्रांसफार्मर और 130 पानी की स्कीमें भी ठप्प हैं। मॉनसून के दौरान मरने वालों का आंकड़ा 241 पहुंच गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से मैं योगराज शर्मा।

सुरेंद्र शौरी

कुल्लू जिला के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि बंजार विधानसभा क्षेत्र में आपदा के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है उन्होंने कहा कि बंजार विधानसभा क्षेत्र में 2 महीनो से 35 से अधिक सड़के अवरुद्ध होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में किसानों बागवानों के उत्पाद को मंडियों तक पहुंचाने के लिए लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

अमर उजाला की सुर्खी है टल सकते हैं नवगठित नगर निकायों के चुनाव, राज्यपाल की अध्यादेश को मंजूरी।

दैनिक जागरण की एक खबर है हाईकोर्ट का प्रश्न, प्रबोध सक्सेना के सेवाविस्तार में क्या जनहित। दैनिक भास्कर के अनुसार कोर्ट ने पूछा–ऐसे क्या और कौन सा जनहित था जिस कारण सेवा विस्तार दिया।

दिव्य हिमाचल व हिमाचल दस्तक बकौल मुख्यमंत्री लिखते हैं हिमाचल में विज्ञान, कल व खेल महाविद्यालयों की होगी स्थापना।

पंजाब केसरी की एक खबर है हिमाचल में बढ़ेगी बीपीएल परिवारों के चयन का दायरा।